फर्जी निदेशक बनकर कंपनी से 6.80 करोड़ रुपए ठगने वाले चार साइबर ठग गिरफ्तार

साइबर पुलिस ने 3.50 करोड़ रुपए होल्ड कराए, सिंगापुर-हांगकांग तक जुड़े तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । कंपनी के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगाकर व्हाट्सऐप वेब पर फर्जी निदेशक बनकर 6.80 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का राजस्थान पुलिस की केंद्रीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन टीम ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों मयंक कसौटिया, बृजमोहन द्रोण उर्फ लक्की निवासी जयपुर, समानाराम निवासी कुचामन और मोहित यादव उर्फ मोती निवासी सीकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ठगी की रकम में से करीब 3.50 करोड़ रुपए विभिन्न बैंक खातों में होल्ड करवाए गए हैं। राशि वापस दिलाने की कार्रवाई जारी है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध विजय कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर स्थित एक निजी कंपनी के अकाउंटेंट ने 25 अगस्त को केंद्रीय साइबर अपराध पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 24 अगस्त को साइबर ठगों ने कंपनी के कंप्यूटर में मौजूद तकनीकी खामी का फायदा उठाकर व्हाट्सऐप तक पहुंच बनाई। इसके बाद कंपनी के निदेशक के नाम और प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर अकाउंटेंट को संदेश भेजे और तत्काल आरटीजीएस से भुगतान करने के निर्देश दिए।

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अकाउंटेंट के कंप्यूटर में व्हाट्सऐप की संपर्क सूची से वास्तविक निदेशक का नंबर हटाकर अपने नंबर को उसी नाम और प्रोफाइल फोटो के साथ जोड़ दिया। इसके बाद निदेशक और अकाउंटेंट के बीच पहले हुई बातचीत की नकल तैयार कर दी। इससे अकाउंटेंट को लगा कि वह वास्तविक निदेशक से ही बातचीत कर रहा है। ठगों के निर्देश पर कंपनी के खाते से 6.80 करोड़ रुपए तीन बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए।

- **पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि, ठगी की रकम किन-किन खातों में पहुंची, खातों के संचालक कौन हैं और विदेश में बैठे गिरोह के मुख्य संचालकों से आरोपियों के क्या संबंध हैं?**
- **पुलिस द्वारा व्हाट्सऐप चैट, कॉल डिटेल, मोबाइल से जुड़े तकनीकी रिकॉर्ड, इंटरनेट विवरण और बैंकिंग लेन-देन की पूरी धन-श्रृंखला का विश्लेषण किया जा रहा है। करीब 250 से अधिक बैंक खातों की जांच के साथ नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।**

ठगी की सूचना मिलते ही केंद्रीय साइबर अपराध पुलिस और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की टीम ने बैंकिंग लेन-देन पर तत्काल कार्रवाई शुरू की। संयुक्त प्रयासों से करीब 3.50 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में रुकवा लिए गए। पुलिस अब यह रकम पीड़ित कंपनी को वापस दिलाने की प्रक्रिया में जुटी है।

जांच में सामने आया कि गिरोह ठगी की रकम अपने खातों में रखने के बजाय दूसरे लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। खाते उपलब्ध कराने वालों को 10 से 15 हजार रुपए तक कमीशन दिया जाता था। रकम आने के बाद चेक, एटीएम, यूपीआई, नकद जमा मशीन, डिजिटल वॉलेट और अन्य बैंक खातों के जरिए कई स्तरों पर ट्रांसफर किया जाता था।

प्रथम लाभार्थी तीन बैंक खातों से रकम करीब 250 अन्य बैंक खातों में पहुंचाई गई। इसके बाद रकम को अलग-अलग खातों, क्यूआर कोड और डिजिटल माध्यमों के जरिए घुमाकर उसके वास्तविक स्त्रोत को छिपाने का प्रयास किया गया। बाद में रकम को यूएसडीटी जैसी आभासी मुद्रा में बदलकर विदेश भेजे जाने के संकेत भी मिले है।

आरोपी टेलीग्राम के विभिन्न समूहों के माध्यम से बैंक खाते, एटीएम, सिम और पासबुक की व्यवस्था करते थे। जांच के अनुसार एक बैंक खाते की किट उपलब्ध कराने के लिए 10 से 15 हजार रुपए तक दिए जाते थे। ठगी की रकम खाते में आते ही उसे दूसरे खातों या डिजिटल माध्यमों से आगे भेज दिया जाता था।

बैंक से मिले लेन-देन संबंधी आईपी पतों के विश्लेषण में ठगी के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार म्यूल बैंक खातों में रकम पहुंचने के बाद सिंगापुर और हांगकांग में बैठे गिरोह के मुख्य संचालकों ने इंटरनेट बैंकिंग के जरिए इसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया। इसके बाद रकम को कई स्तरों पर घुमाया गया। विदेश में बैठे मास्टरमाइंड से आरोपियों के संबंधों की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मयंक कसौटिया ने अपना बैंक खाता ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए उपलब्ध कराया और रकम निकालकर अन्य आरोपियों तक पहुंचाई। बृजमोहन द्रोण ने बैंक खातों की व्यवस्था करने, रकम आगे पहुंचाने और उसे आभासी मुद्रा में बदलने के लिए समन्वय किया। समानाराम ने आभासी मुद्रा से जुड़े लोगों से संपर्क कराने और रकम के हस्तांतरण में भूमिका निभाई। मोहित यादव भी बैंक खाते उपलब्ध कराने, रकम निकालने और आगे पहुंचाने में शामिल पाया गया।

पुलिस अब ठगी की रकम किन-किन खातों में पहुंची, खातों के संचालक कौन हैं और विदेश में बैठे गिरोह के मुख्य संचालकों से आरोपियों के क्या संबंध हैं, इसकी पडताल कर रही है। व्हाट्सऐप चैट, कॉल डिटेल, मोबाइल से जुड़े तकनीकी रिकॉर्ड, इंटरनेट विवरण और बैंकिंग लेन-देन की पूरी धन-श्रृंखला का विश्लेषण किया जा रहा है। 250 से अधिक बैंक खातों की जांच के साथ नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया सभी 22 सीटों पर जीत का दावा

जयपुर कासं)। निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। उपमुख्यमंत्री एवं विद्याधर नगर विधायक दिया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के प्रधान कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न वार्डों में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जोरदार स्वागत किया। निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वार्ड 9 की भाजपा प्रत्याशी मंजू अग्रवाल, वार्ड 10 से युवा भाजपा प्रत्याशी पलक यादव, वार्ड 11 से प्रत्याशी शैलेंद्र शर्मा, वार्ड 1 से प्रत्याशी श्रवण बोहरा, वार्ड -13 से प्रत्याशी दीपक शर्मा, वार्ड -12 से प्रत्याशी राजेंद्र कारोडिया, वार्ड -4 से प्रत्याशी पिंकी विजय शर्मा, वार्ड -5 से प्रत्याशी नरेंद्र सिंह शेखावत, वार्ड -17 से प्रत्याशी सुमेर सिंह जोधा और वार्ड -21 से प्रत्याशी अजय सिंह चौहान के प्रधान कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे पूरी मेहनत और समर्पण के साथ चुनाव मैदान में जुट जाएं।

दिया कुमारी ने दावा किया कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र की सभी 22 सीटों पर भाजपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास के लक्ष्य को लेकर लगातार आगे बढ़ रही है। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान में विकास के कार्य निरंतर किए गए हैं और अब जनता भी विकास की इस दिशा को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता का विश्वास और समर्थन मिल रहा है। इसी विश्वास के आधार पर पार्टी निकाय चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि आगे भी जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास का सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा। उपमुख्यमंत्री ने युवा प्रत्याशियों को चुनाव में मौका दिए जाने का जिक्र करते हुए युवा पीढ़ी से भी राजनीति और जनसेवा में आगे आने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी लोकतंत्र को और मजबूत करती है। साथ ही उन्होंने आमजन से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। दिया कुमारी ने एक बार फिर विश्वास जताते हुए कहा कि विद्याधर नगर की 22 की 22 सीटों पर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा के सभी प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे।

विद्याधर नगर क्षेत्र के पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंची उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक दिया कुमारी का आमजन ने स्वागत किया।

पत्रकार कॉलोनी में बेकाबू कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी

जयपुर । मानसरोवर के पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में बुधवार शाम तेज रफ्तार और बेकाबू कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। अचानक हुई घटना से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कार की रफ्तार और चालक के बेकाबू तरीके से वाहन चलाने को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। कई लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

- **घटना के बाद से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल, पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी**

जानकारी के अनुसार घटना बुधवार शाम करीब 6:15 बजे गोल्यावास और वंदेमातरम रोड पर हुई। तेज रफ्तार कार ने रास्ते में आने वाले कई वाहनों को टक्कर मारी। इसके बाद नारायण विहार इलाके में भी कार द्वारा वाहनों को टक्कर मारने की सूचना सामने आई। एक ही कार के अलग-अलग इलाकों में वाहनों को टक्कर मारने से लोगों में भय का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक को तेज रफ्तार में वाहन चलाते देखकर कुछ लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने लोगों को भी कार से टक्कर मारने की कोशिश की और वाहन लेकर तेजी से आगे निकल गया। घटनाक्रम के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस कार और उसके चालक के संबंध में जांच कर रही है। अलग-अलग स्थानों पर हुई टक्कर और कार के रूट की भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल हादसे में किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस चालक की पहचान और घटना की पूरी परिस्थितियों की जांच कर रही है।

औषधि नियंत्रण टीम ने अगस्त में 478 दवा नमूनों की जांच की, 17 सैंपल अमानक मिले

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । चिकित्सा-स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य में आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औषधि नियंत्रण टीम द्वारा दवाओं की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जा रही है। अगस्त 2026 के दौरान बाजार में उपलब्ध दवाओं के 478 नमूने लेकर उनकी जांच की गई, इनमें से 17 नमूने अमानक पाए गए।

- **बुपिकैन-हैवी इंजेक्शन के 7 नमूने भी जांच में अमानक पाए गए**
- **औषधि नियंत्रण टीम ने 5 जिलों से लिए गए थे नमूने**
- **जयपुर, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ से 12 हजार 228 इंजेक्शन जब्त किए गए**

राठौड़ ने बताया कि जांच में बी-कॉम्प्लेक्स टेबलेट्स, कैल्शियम एवं विटामिन डी-3 टेबलेट्स, टेल्मिसार्टन एवं एम्लोडिपिन टेबलेट्स, बिलास्टाइन टेबलेट्स, अमॉक्सीसिलिन एवं पोटैशियम क्लावुलेनेट टेबलेट्स, ऑफ्लॉक्सासिन एवं ऑर्निडाजोल टेबलेट्स, ओंडानसेट्रॉन इंजेक्शन, डेक्सामेथासोन इंजेक्शन तथा बुपीवाकेन हाइड्रोक्लोराइड इन डेक्सट्रोज इंजेक्शन (बुपिकैन-हैवी) सहित 17 नमूने अमानक पाए गए। उन्होंने बताया कि एनएसक्यू पाए गए नमूनों में बुपिकैन-हैवी इंजेक्शन के बैच नंबर बीकेबीपी 02601 के 7 नमूने शामिल हैं। इन नमूनों के संबंध में अन्य राज्यों में मरीजों में एडवर्स ड्रग रिएक्शन की सूचना प्राप्त होने पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। बाजार में उपलब्ध उक्त दवा के स्टॉक पर रोक लगाते हुए स्टॉक वापस मंगाने (रिकॉल) की कार्रवाई शुरू की गई। बुपिकैन-हैवी इंजेक्शन के 7 नमूने जयपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झालावाड़ एवं कोटा से लिए गए थे। राजकीय विश्लेषक, औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, जयपुर द्वारा की गई जांच में सभी 7 नमूने बैक्टीरियल एंडोटॉक्सिन की पुष्टि होने के कारण अमानक घोषित किए गए। राठौड़ ने बताया कि अमानक घोषित किए गए नमूनों के संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। औषधि नियंत्रण अधिकारी, जयपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़ द्वारा बुपिकैन-हैवी के 12228 इंजेक्शन जब्त किए गए हैं। जब्त स्टॉक की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये है। औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि जैक्सन लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, अमृतसर द्वारा निर्मित बी-कॉम्प्लेक्स की 6280 स्ट्रिप्स भी जब्त की गई हैं। इनकी अनुमानित कीमत 92 हजार 316 रुपये है। जांच में इस दवा में विटामिन बी1 तथा कैल्शियम डी - पैंटोथेनेट की मात्रा शून्य पाई गई।

सब्जियों से भरी पिकअप पलटने से किसान की मौत

जयपुर । आमेर थाना इलाके में बुधवार अलसुबह सब्जियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार किसान की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। हादसा जयपुर-दिल्ली हाईवे पर कुंडा स्थित आमेर चेक पोस्ट के पास सुबह करीब साढ़े चार बजे हुआ।

आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदार ने बताया कि हादसे में माथासूला की रावका की ढाणी निवासी रामनारायण मीणा (55) की मौत हो गई। पिकअप पलटने से वह उसके नीचे दब गए और सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे में लालचंद मीणा समेत पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लालचंद मीणा की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार पिकअप में सवार सभी लोग जमवारामगढ़ क्षेत्र के माथासूला से सब्जियां लेकर जयपुर मंडी में बेचने जा रहे थे। कुंडा स्थित आमेर चेक पोस्ट के पास पहुंचते ही पिकअप अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप के नीचे दबे और घायल लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

अभिमन्यु शर्मा दूसरी बार बने अध्यक्ष

जयपुर । राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को संपन्न हुए चुनाव में अभिमन्यु शर्मा दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव में 4 प्रत्याशियों ने भाग लिया, जिनमें द्वितीय स्थान पर जोगेन्द्र सिंह, तृतीय स्थान पर शिवजीराम जाट, चतुर्थ स्थान पर पवन शर्मा रहे। चुनाव अधिकारी कानाराम मीणा ने अभिमन्यु शर्मा को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर अध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई गई। अभिमन्यु शर्मा ने सचिवालय सेवा के अधिकारीगण के हितों एवं अधिकारों की रक्षा के लिए दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की एवं सभी अधिकारियों का आभार जताया।

'स्टूडेंट्स ग्राउंड लेवल पर सीखेंगे समाज सेवा'

जयपुर । किताबी ज्ञान और थ्योरी से आगे बढ़कर युवाओं को सामाजिक सेवा एवं व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभिन्न महाविद्यालयों एवं मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान के बीच सामाजिक इंटर्नशिप हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न किया गया है। जिनमें जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथीक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, रीजनल कॉलेज फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी, पूर्णिमा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय चाकसू, राजकीय महाविद्यालय कोटखावदा, आईआईएलएम अकादमी ऑफ़ हायर लर्निंग शामिल है। इसका सीधा फायदा कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को मिलेगा, जो अब क्लासरूम से बाहर निकलकर समाज की बुनियादी समस्याओं को समझने का व्यावहारिक एवं रियल-टाइम अनुभव हासिल करेंगे। यह जानकारी स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य व चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने दी है। इस मौके पर ट्रस्ट प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी, महासचिव दुर्गा वर्मा, जेएनयू वाईस चांसलर प्रो. आर.एल. रैना, सीडलिंग स्कूल ऑफ़ लॉ निदेशक प्रो. सतीश सी शास्त्री, स्वास्थ्य कल्याण कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता, रीजनल कॉलेज निदेशक डॉ. अशोक सिंह शेखावत, पूर्णिमा कॉलेज निदेशक डॉ. दिनेश गोयल, डॉ. नुपुर जैन, प्रो. डॉ. रेनू जोशी, डॉ. सरिता जैन, डॉ. शिप्रा वर्मा, डॉ. अनीता गंगराडे, डॉ. प्रिंसी वर्मा सहित अन्य गणमान्य स्टाफ़ मौजूद रहे।

कांग्रेस ने बनाई चुनाव संचालन समिति

जयपुर। नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक एवं चुनावी कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित करने, समन्वय स्थापित करने, चुनाव प्रचार अभियान को गति देने तथा पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्पित रूप से कार्य करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी, जयपुर ग्रामीण (पश्चिम) ने 12 सदस्यीय चुनाव संचालन एवं कैंपेन कमेटी का गठन किया है। समिति में अनिल चौपड़ा को जयपुर लोकसभा क्षेत्र, अभिषेक चौधरी को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र, पीसीसी सदस्य अशोक शर्मा, वैशाली नगर ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह यादव, झोटवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल चुनकर, जिला कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया प्रभारी रामकिशोर चौधरी, जोबनेर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष पाराशर, रामनिवास कटारिया, एडवोकेट घनश्याम सिंह, बाबूलाल चौधरी, मुकेश शर्मा और सी.पी. यादव को शामिल किया है।

''एमवे'' ने किया आयुर्वेद में विस्तार

जयपुर। हैल्थ एवं वेलनेस कंपनी एम्वे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट आयुर्वेद के तहत नौ नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। कंपनी ने अगले दो वर्षों में इस श्रेणी से 100 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य रखा है। उत्पादों में इस्तेमाल जड़ी-बूटियां न्यूट्रीसर्ट प्रमाणित ऑर्गेनिक खेतों से जिम्मेदारी के साथ प्राप्त की जाएंगी और इनका उत्पादन तमिलनाडु स्थित एम्वे की अत्याधुनिक फैक्ट्री में होगा। कंपनी के अनुसार यह पहल मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय किसानों, विनिर्माण, वैज्ञानिक शोध, नवाचार और रोजगार को मजबूत करेगी। एम्वे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चौपड़ा ने इस बारे में जानकारी साझा की।

5 पैकेज्ड फूड असुरक्षित मिले, 2 माह तक बिक्री पर रोक

जयपुर (कासं)। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अगस्त माह में प्रदेश के कई जिलों में औचक निरीक्षण कर पैकेज्ड फूड के नमूनों की जांच की थी, इनमें से पांच पैकेज्ड खाद्य उत्पाद असुरक्षित मिले है। इनके वितरण, बिक्री और प्रदर्शन पर प्रदेशभर में 2 माह की रोक लगा दी गई है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ व खाद्य सुरक्षा आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह की निगरानी में यह कार्रवाई हुई। राज्य जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला की जांच में नंदी ब्रांड गाय का घी, निर्माता दिशा एंटरप्राइजेज, बालोतरा, बैच/लॉट संख्या 005; रतवाड़ी टी (गोल्डन थार), निर्माता श्री सांवरिया इंडस्ट्रीज, रीको, बाड़मेर, बैच संख्या 150726; जी.एस. गोल्ड लाल मिर्च पाउडर, निर्माता हिमाया फूड्स प्रा. लिमिटेड, हाजिल्का पंजाब, बैच/लॉट संख्या जी.एस. 31; के.डी.पी. डेयरी-कृष्णा ब्रांड घी, निर्माता के.डी.पी. फूड इंडस्ट्री, सरनाथ इंडस्ट्रियल एरिया, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, बैच संख्या डी.के. 1225 और डी.के. 160326 तथा के.डी.पी. डेयरी-सारस ब्रांड घी, बैच संख्या डी.एस. 030426 असुरक्षित पाए गए। असुरक्षित खाद्य पदार्थों के नमूने मिलने पर 9 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए। इनमें बाड़मेर के बाखासर स्थित एम/एस हार्दिक ट्रेडर्स का मिर्च पाउडर, चूरू के चाय वाला प्रतिष्ठान की तैयार चाय, बीकानेर के रानी बाजार स्थित शर्मा सेल्स एजेंसीज का फ्राइड मटर, अजमेर के माकड़वाली स्थित श्री सवाई भोज मिल्क डेयरी और स्टीफन स्कूल चौराहा स्थित इंडिया मिल्क डेयरीका दूध, अजमेर के वैशाली नगर स्थित एम.एस.के. रेजिडेंटका माउथ फ्रेशनर/सौंफ, टोंक के टोडारायसिंह स्थित बजाली मिल्क डेयरी और देवली स्थित श्रीजी मिल्क डेयरी का घी तथा बाड़मेर स्थित श्री सांवरिया इंडस्ट्रीज की चाय शामिल हैं।

- **खाद्य सुरक्षा विभाग ने नौ प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए, बिना लाइसेंस चल रहे कारोबार पर तीन लोगों के रजिस्ट्रेशन निरस्त**

पूर्व में असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री के कारण लाइसेंस निलंबित होने के बावजूद बिना वैध लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन के कारोबार जारी रखने पर जयपुर के 3 प्रतिष्ठानों के खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिए गए। इनमें विद्याधर नगर स्थित एम/एस बालाजी जयका, कूकडखेड़ा स्थित एम/एस गणपति ड्राईफ्रूट्स और निर्माण नगर स्थित द कंबू कैफे फूड एंड बेवरेजेज शामिल हैं।

परीक्षा देने आए अभ्यर्थी का ऑटो में बैग छूटा

जयपुर । एनटीपीसी की परीक्षा देने जयपुर आए एक अभ्यर्थी का जरूरी दस्तावेज और सामान से भरा बैग ऑटो में छूट गया। अभ्यर्थी ने सिंधी कैंप थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 20 मिनट में ऑटो का पता लगाकर बैग सुरक्षित बरामद कर अभ्यर्थी को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार राजस्थान के बाहर से जयपुर परीक्षा देने आया अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र से लौटते समय ऑटो/ई-रिक्शा में अपना बैग भूल गया। काफी तलाश के बाद भी बैग नहीं मिला तो वह सिंधी कैंप थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही थाने में तैनात हेड कांस्टेबल गणेश लाल ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। उन्होंने संभावित रूट पर पुलिस वाहन से तलाश और चेकिंग की। पुलिस के प्रयासों से करीब 20 मिनट में ऑटो का पता लगा लिया गया और अभ्यर्थी का बैग सुरक्षित बरामद कर उसे सौंप दिया गया। बैग वापस मिलने पर अभ्यर्थी ने सिंधी कैंप थाना पुलिस और हेड कांस्टेबल गणेश लाल का आभार जताया। वीडियो संदेश में उसने दूर-दराज से परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों के प्रति राजस्थान पुलिस के सहयोगात्मक रवैये की सराहना की। हेड कांस्टेबल गणेश लाल ने आमजन से अपील की कि यात्रा के दौरान सामान का विशेष ध्यान रखें।

जन्माष्टमी पर गोविंददेवजी मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

सुरक्षा में 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी व स्वयंसेवक तैनात होंगे, जलेब चौक से प्रवेश और जय निवास बाग से निकासी रहेगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । छोटी काशी जयपुर सहित देशभर में इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के विशेष संयोग के कारण वैष्णव, स्मार्त और औदायिक मतावलंबी एक ही दिन कान्हा का जन्मोत्सव मनाएंगे। शहर के मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आराध्यदेव गोविंददेवजी मंदिर में मुख्य आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा, दर्शन, यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की है।

गोविंददेवजी मंदिर में 4 सितंबर को तड़के 4.30 बजे मंगला झांकी के साथ दर्शन शुरू होंगे। जन्माष्टमी पर ठाकुरजी को पीली रेशमी पोशाक और विशेष अलंकरण धारण कराया जाएगा। पोशाक पर राजस्थानी गोटा-पत्ती का बारीक काम किया गया है। मंदिर परिसर को 'बधाई है' और सातिया की पताकाओं से सजाया गया है। मुख्य द्वार और निकास पर शहनाई की धुन श्रद्धालुओं का स्वागत करेगी।

रात 10 से 11 बजे तक जन्माष्टमी व्रत कथा होगी। मध्यरात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म के अवसर पर 31 तोपों की सलामी और आतिशबाजी के बीच जन्माभिषेक के दर्शन खुलेंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शालिग्रामजी पूजन और पंच द्रव्य पूजन के बाद ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक होगा। अभिषेक में 425 लीटर दूध, 365 लीटर दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा और 11 किलो शहद का उपयोग होगा। अभिषेक के बाद पंजीरी लड्डू, खीरसा और रबड़ी का भोग लगाया जाएगा। श्रद्धालुओं को निशुल्क पंचामृत और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके लिए जय निवास उद्यान में प्रसादी मंच बनाया गया है।

गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं का प्रवेश केवल जलेब चौक स्थित बांदरवाल गेट से होगा। अन्य मार्गों से मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जलेब चौक पर दर्शन पासधारकों, बिना जूते-चप्पल आने वाले और जूते-चप्पल के साथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें रहेंगी।

जगमोहन के लिए भी अलग व्यवस्था की जाएगी। मंदिर और छावनी क्षेत्र में जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था नहीं होगी। श्रद्धालुओं को इन्हें अपने वाहनों में छोड़कर आने अथवा पुरानी विधानसभा के पास बनाए गए स्टैण्ड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। प्रवेश से दर्शन और निकासी तक श्रद्धालुओं को करीब 5 से 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ सकता है। दर्शन के बाद निकासी जय निवास बाग के पूर्वी और पश्चिमी गेट से होगी। प्रवेश मार्ग की ओर वापस जाने की अनुमति नहीं होगी। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए करीब 1000 कार्यकर्ता तथा 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 10 मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड और एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई हैं।

परकोटे में बस-ऑटो बंद

जन्माष्टमी पर चारदीवारी क्षेत्र में पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद रहेगा। की सिटी बसों का परकोटे में प्रवेश नहीं होगा। ई-रिक्शा, ऑटो, ई-ऑटो और हल्के मालवाहकों का संचालन भी परकोटा क्षेत्र, एमआई रोड पर गवर्नमेंट हॉस्टल से मिनर्वा, अशोका मार्ग से यादगार और रामनिवास बाग के भीतर प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं से मेट्रो का अधिकतम उपयोग करने की अपील की गई है। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोड आधारित डिजिटल सुविधा जारी की गई है। इसे स्कैन करने पर नजदीकी पार्किंग स्थल, पार्किंग की लाइव उपलब्धता, यातायात डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग और स्थानीय मानचित्र की जानकारी मिल सकेगी।